


22 सितम्बर से 6 अक्टूबर, 2024
टेक्सटाइल वर्ल्ड
SHUBH नवरात्रि
Prepared by Lalit Sharma 8003596091
ICHALKARANJI-MADHAVNAGAR SPECIAL EDITION

# करणी टेक्सटाइल की ऋषिकेश में 4 दिवसीय डीलर कॉन्फ्रेंस दिसंबर में

## करणी, प्रेसकोट एवं लिनन मोनार्क ब्राण्ड के उत्पादों का भव्य डिस्प्ले

Karni's® COTTON FABRICS | PRESSCOTT® PREMIUM COTTON FABRICS | LINEN MONARCH® FABRICS THAT BREATHE !

**इचलकरंजी** / 27 वर्षों की सफलतम यात्रा से उत्साहित होकर प्योर लिनन एवं शर्टिंग फैब्रिक में मशहूर करणी टेक्सटाइल द्वारा आगामी ईद एवं वेडिंग सीजन को ध्यान में रखते हुए धार्मिक आस्था के केन्द्र ऋषिकेश के पाँच सितारा शिवा होटल में 9 से 12 दिसंबर, 2024 को भव्य डीलर कॉन्फ्रेंस करने जा रही है, जहां कंपनी के ऑथोराइज्ड 200 डीलर के पहुंचने की सम्भावना है। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री गोपालदास राठी ने बताया कि कंपनी की सम्पूर्ण टीम काफी उत्साह से भरी हुई है और निरंतर अपने उत्पादों को भारत की तमाम मण्डियों में फैलाने हेतु तत्पर है।

कंपनी के युवा डाइरेक्टर श्री अर्चित राठी ने बताया कि कंपनी द्वारा आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में अपने बहुचर्चित ब्राण्ड प्रेसकोट में फैंसी कुर्ता, शर्टिंग फैब्रिक में एम्ब्रॉयडरी, लॉन क्लॉथ, प्रिंट्स, लिनन मोनार्क ब्राण्ड में शत-प्रतिशत लिनन, डिजिटल प्रिंट, लिनन शर्टिंग एवं करणी ब्राण्ड में 36'' फैंसी शर्टिंग, कुर्ता एवं एम्ब्रॉयडरी की रेंज का भव्य डिस्प्ले किया जाएगा। इन सभी रेंज पर कंपनी अलग-अलग कलर चार्ट तैयार कर अपने व्यापारियों के समक्ष पेश करेगी। इस कॉन्फ्रेंस में कंपनी द्वारा लिनन शर्टिंग की विस्तृत वस्त्र शृंखला भव्य डिस्प्ले के साथ पेश करेगी, जिसमें आगामी सीजन हेतु अनेक नये कलेक्शन शामिल होंगे। विदित रहे की कंपनी हमेशा फैब्रिक की गुणवत्ता व सही दाम पर फोकस करते हुए अपने उत्पादों को ग्राहकों तक पहुंचाती है, इसी कारण ग्राहक कंपनी के साथ शुरूआत से जुड़ा हुआ है। कंपनी की एक सुव्यवस्थित टीम जो सदैव ग्राहकों की रूचि एवं आगे भविष्य की योजनाओं पर रिसर्च कर मैनेजमेंट को सूचित करती है, जिससे आने वाले सीजन के लिए सही फैब्रिक का डवलपमेंट किया जा सके।

### इचलकरंजी में रिटेल आउटलेट का शुभारंभ

कंपनी के युवा डायरेक्टर श्री अर्चित राठी ने बताया कि इस वर्ष कंपनी रिटेल आउटलेट में कदम रखते हुए सबसे पहले स्थानीय मण्डी में जीडीआर कलेक्शन के नाम से रिटेल आउटलेट का शुभारंभ करने जा रही है। जहां कंपनी द्वारा मल्टी ब्राण्ड के उत्कृष्ट सूटिंग-शर्टिंग लिनन, कुर्ता, एथनिक की विस्तृत रेंज ग्राहकों को मिलेगी।

ज्ञात रहे कि कंपनी ने इरोड़ में अपनी एक शाखा खोल रखी है, जिसे वर्तमान में कंपनी के एमडी श्री गोपालदास राठी के सुपुत्र श्री धिरिराज राठी द्वारा देखी जा रही है। कंपनी अपने सभी उत्पादों को इनहाउस अपने प्रोसेस गृह में फिनिश करती है, जिससे इसकी गुणवत्ता बेहतरीन होती है। वर्तमान में कंपनी की संपूर्ण बागड़ोर युवा टीम श्री अर्चित राठी एवं श्री उज्ज्वल राठी द्वारा देखी जा रही है, जो हमेशा प्रीमियम क्वालिटी को ग्राहकों तक पहुंचाने में अपना ध्यान केंद्रित किए हुए हैं। कंपनी द्वारा पिछले वर्ष में अपने मार्केटिंग नेटवर्क की विस्तार योजना पर कार्य करते हुए अनेक नये डीलर्स जोड़े हैं जिससे कंपनी के ब्राण्ड निरंतर भारत की तमाम मण्डियों में आ गए हैं।





DEORA
TEXTILES
दशहरा एवं दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएँ
Next Generation Of Clothing
DEORA TEXTILES
MFG. FANCY SHIRTING & GREY FABRICS
"Deora House", New BJP Textile Market, Near Vardhman Chowk, ICHALKARANJI- 416 115 (M.H.)
Mob: 93739-13002 | 94688-33143 | Email.: nsdeora555@gmail.com




PROUDLY
भारतीय
HOUSE OF JK DHOOT
BADRIVISHAL
Quality Fabrics For
Quality People ...
FOCUSED
TO PORTRAY
YOUR
IMAGINATION
ON FABRIC
TENCEL
MODAL
VISCOSE
PRINTS
DOBBYS
58" COTTON
SHIRTINGS
PLAIN SORTS
SOLIDS
LYCRAS
TWILLS
SATIN
BADRIVISHAL FASHIONTEX PVT. LTD.
10/585, "Shri Mohan Niketan", Mahesh Nagar, ICHALKARANJI - 416 115. Dist. Kolhapur (M.S.)
+ 91 - 230 - 2427147 +91 8625882422
E-mail : contact@badrivishalgroup.com www.badrivishalgroup.com




Manufacturing Excellence In

COTTON | LINENS | LYCRA FABRICS

With The Largest Collection of Dyed Shirting & Printed Fabrics We Come as a One-Stop Solution For All Your Dyed Fabric Need.

PRIYALAXMI TEXTILE MILLS PVT. LTD.
Ichalkaranji, Dist. Kolhapur.
sales@priyalaxmi.com

For Sales & Enquiries
Please Contact
+91 914 666 1 666

CERTIFIED COMPANY ISO 9001:2015

Specialised in
DYED | RFD | PRINTED
FABRICS





# सुपीरियर क्वालिटी फिनिश्ड फैब्रिक देने को तैयार माइक्रोटेक्स प्रोसेसर्स प्राइवेट लिमिटेड

**इचलकरंजी/** ग्रे-फैब्रिक के लिए मशहूर इचलकरंजी वस्त्र मंडी में दिनों-दिन नए नवाचार देखने को मिल रहे हैं। हर वर्ष कुछ नया करने की चाह के साथ यहां के उद्यमी निरंतर प्रगति पथ पर कार्यरत हैं। बदलते ट्रेंड को ध्यान में रखते हुए इचलकरंजी की वस्त्र मंडी अब फिनिश शर्टिंग फैब्रिक के उत्पादन में अग्रसर हो रही है। यहां के उद्यमियों ने फिनिश्ड फैब्रिक्स की बढ़ती मांग को देखते हुए प्रोसेसिंग यूनिट्स की स्थापना की है और उनमें माइक्रोटेक्स प्रोसेसर्स प्रा.लि. अग्रणी भूमिका निभा रही है। कंपनी का मुख्य उद्देश्य स्टेट ऑफ आर्ट प्रोसेसिंग और वैल्यु एडेड सेवाओं के माध्यम से उपभोक्ताओं को उत्कृष्ट उत्पाद देना है। अत्याधुनिक मशीनरी और उच्च तकनीक का उपयोग इस उद्देश्य को पूरा करने में सहायक है।

## सस्टेनेबिलिटी पर जोर

माइक्रोटेक्स प्रोसेसर्स प्रा.लि. पर्यावरणीय स्थिरता को प्राथमिकता देती है। कंपनी ने अपने प्रोसेसिंग यूनिट में वर्ल्ड-क्लास ETP (Effluent Treatment Plant) स्थापित किया है, जो प्रोसेसिंग के दौरान निकलने वाले अपशिष्ट जल को पर्यावरण-अनुकूल तरीके से शुद्ध करता है। इसके अतिरिक्त एग्रीकल्चरल वेस्ट (बायोमास) से चलने वाला बॉयलर कंपनी की सस्टेनेबिलिटी प्रतिबद्धता को और सशक्त करता है, जो कोयला रहित संचालन सुनिश्चित करता है। पर्यावरण के संरक्षण के लिए यूनिट परिसर में विशाल पेड़-पौधों की श्रृंखला भी स्थापित की गई है। ऊर्जा की बचत और हरित ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कंपनी ने 1 मेगावाट क्षमता का सोलर प्लांट भी स्थापित किया है।

## निर्यात पर फोकस

माइक्रोटेक्स प्रोसेसर्स प्रा.लि. की नजरें न केवल भारतीय बाजार पर है, बल्कि कंपनी वैश्विक स्तर पर भी अपने उत्पादों का विस्तार कर रही है। उच्च गुणवत्ता वाले फिनिश्ड फैब्रिक की बढ़ती मांग को देखते हुए कंपनी ने अपने निर्यात कारोबार को मजबूत करने के लिए कदम उठाए हैं। कंपनी के उत्पाद अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करते हैं और यहीं वजह है कि वैश्विक बाजारों में भी इसकी पहचान लगातार बढ़ रही है। कंपनी का लक्ष्य है कि वह निर्यात में बढ़ोतरी कर भारत की वस्त्र शक्ति को वैश्विक मंच पर मजबूती से स्थापित करे।

## उत्कृष्ट क्वालिटी प्रॉडक्ट्स

माइक्रोटेक्स प्रोसेसर्स प्रा. लि. अत्याधुनिक तकनीक और मशीनरी का उपयोग कर उच्च गुणवत्ता वाले कपड़े का उत्पादन करती है। कंपनी की प्रोसेसिंग यूनिट में स्थापित मशीनें जैसे कंटीन्यूअस ब्लिचिंग, मर्सराइज, रोटरी प्रिंटिंग, सीपीबी डाइंग आदि विश्वस्तरीय तकनीक से सुसज्जित है, जो हर प्रकार के फैब्रिक की बेहतरीन फिनिश प्रदान करती है। हमारे उत्पाद रेंज में कॉटन सूटिंग, कॉटन शर्टिंग, ड्रेस मटीरियल, विस्कोस, मोडाल, टेन्सिल, लाइक्रा ब्लेन्डेड फैब्रिक्स, लिनन, पॉलिएस्टर/कॉटन ब्लेंड्स और पॉलिएस्टर/विस्कोस ब्लेंड्स शामिल हैं। इन उत्पादों की बेहतरीन फिनिश और गुणवत्ता के कारण बाजार में इनकी विशेष मांग है।

## ग्राहक संबंध एवं संतुष्टि

माइक्रोटेक्स प्रोसेसर्स प्रा.लि. की प्रमोटर टीम, जिसमें श्री सचिन झँवर, श्री किशोर कुमार मूदंड़ा, श्री संजय पाटनी, श्री छोगालाल वडेरा और श्री संदीप पाटनी शामिल हैं, का प्रमुख उद्देश्य उपभोक्ताओं को शत-प्रतिशत संतुष्टि प्रदान करना है। कंपनी का संचालन पूरी तरह से ग्राहक-केंद्रित नीतियों पर आधारित है। हर ग्राहक को व्यक्ति गत ध्यान दिया जाता है और उनकी आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जाती है। नवीनतम तकनीक और निरंतर अपग्रेडेशन के माध्यम से कंपनी उपभोक्ताओं को विश्वस्तरीय उत्पाद और सेवाएं प्रदान कर रही है, जिससे उनकी संतुष्टि सुनिश्चित होती है।








microtex
Let's Go Green Together



State-of-the-Art, Ultra Modern Processing House....

CONTINUOUS BLEACHING, MERCERISING AND DYEING, ROTARY AND DIGITAL PRINTING.

MICROTEX PROCESSORS PVT. LTD.

Plot No.T-77, Kagal-Hatkanangale Five Star Industrial Area,
Village - Talandage 416236, Taluka- Hatkanangale. Dist. - Kolhapur (M.S.) Contact : +91 98230 29226

Promoters : Sachin Zanwar | Kishorekumar Mundra | Sanjay Patani | Chhogalal Vadera | Sandeep Patani




SWASTIK DENIM

SWASTIK DENIM PVT. LTD.

Plot No. 1-3, Kallappana Awade Co.-Op Ind. Estate
& Integrated Textile Park Ltd., Gat No 637 & 638,
**Tardal. 416 121.** Dist : Kolhapur (M.S.)
Contact : +91 94224 24988


# क्वालिटी एवं गुणवत्ता का बेजोड़ ब्राण्ड | स्वदेशी ब्राण्ड



**इचलकरंजी/** स्थानीय वस्त्र मंडी में अपनी पहचान रखने वाले स्व. श्री मदन लाल बोहरा ने अपने ब्रांड स्वदेशी को निरंतर आगे ले जाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। स्वदेशी ब्रांड के जनक रूप में प्रख्यात स्व. बोहरा के सुपुत्र श्री निवास बोहरा ने बताया कि आज हम अपने पिताश्री के नक्शे कदम पर चलते हुए अपने ब्रांड की विश्वसनीयता को निरन्तर बनाए हुए हैं। कंपनी के सभी उत्पाद अत्याधुनिक मशीनों एयरजेट एवं रेपियर पर उत्पादित होते हैं, जिसमें हमने धोती से अपने व्यापार की शुरुआत कर आज बढ़ती प्रतिस्पर्धा को ध्यान में रखते हुए कॉटन शर्टिंग, सूटिंग, लॉन क्लॉथ व पोपलीन की उच्च क्वालिटी के उत्पादों का उत्पादन शुरू किया, जो संपूर्ण भारत की मंडियों में डिमांड के साथ बिक रहा है। इन सभी क्वालिटियों की फिनिश कंपनी स्वयं के अत्याधुनिक मशीनों से सुसज्जित प्रोसेस गृह स्वदेशी डी/बी मिल्स में की जाती है, इससे कंपनी अपने उत्पादों की फिनिश पर बेहतर ध्यान रखकर मार्केट में सप्लाई करती है। आज कंपनी की संपूर्ण बागडोर स्व. श्री मदन लाल बोहरा के सुपुत्र श्री निवास बोहरा, श्री राजेन्द्र बोहरा, श्री पुरूषोत्तम बोहरा, पौत्र श्री रोहित बोहरा, श्री कृष्णा बोहरा एवं श्री राहुल बोहरा अपने इस कारोबार को निरन्तर आगे बढ़ा रहे हैं।

## भामाशाह के रूप में विख्यात

स्व. श्री मदन लाल बोहरा सामाजिक सरोकार के धनी थे। उन्होंने स्थानीय वस्त्र मंडी में अपने व्यापार की शुरुआत कर सामाजिक कार्यक्रमों में अपनी रुचि दिखाना शुरू किया। आज स्थानीय मंडी में गायत्री भवन, राम मंदिर, बालाजी मंदिर, पुष्कर में पारीक भवन, हरिद्वार में पारीक भवन तथा अपने पैतृक गांव नेणिया में अस्पताल, पोस्ट ऑफिस आदि बनवाने में अहम् भूमिका निभाई। इसके अलावा स्थानीय मंडी में मदन लाल बोहरा मार्केट की स्थापना कर वस्त्र व्यवसाय को नई दिशा भी दी। उनका कहना था कि हमेशा ईमानदारी से कार्य करें, तो निरंतर आगे बढ़ते रहेंगे। संयोग की बात है कि स्व. श्री बोहरा का देहावसान 2 मई 2021 को हुआ और उनकी पत्नी का देहावसान अगले दिन 3 मई 2021 को हुआ। इस अवसर पर संपूर्ण वस्त्र मंडी में श्रद्धांजलि अर्पित की गई।




# दि व्यंकटेश्वरा बैंक की वार्षिक बैठक उत्साहपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई

**इचलकरंजी/** वेंकटेश्वर सहकारी बैंक की 29वीं वार्षिक आम बैठक हाल ही में महेश सेवा समिति में आयोजित की गई थी। बैठक के अध्यक्ष श्री श्रीकांत मंत्री, चितले उद्योग समूह के श्री गिरीश चितले, श्री राम विलासजी मुंदडा, श्री भीमकरणजी छापरवाल थे। चेयरमैन श्री इंदरचंद लोया, श्री पुनमचंद दरगड़, श्री रामकिशोर बांगड़ आदि गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्जवलित किया।

प्रारंभ में श्रीमती शशिकला बोरा ने उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। बैंक के अध्यक्ष श्री श्रीकांत मंत्री ने परिचय में बैंक की प्रगति का लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हुए वित्तीय वर्ष के दौरान 137 करोड़ के कारोबार का लक्ष्य पूरा कर लिया है. साल के अंत में बैंक के पास कुल 86 करोड़ 40 लाख रुपये जमा थे।

तो 50 करोड़ 66 लाख का ऋण वितरित किया जा चुका है। रिपोर्ट के तहत वर्ष के दौरान, बैंक ने 1.13 करोड़ का सकल लाभ कमाया है और बैंक को ऑडिट वर्ग 'ए' में बनाए रखा गया है। बैंक का सीआरएआर अनुपात 19.21 प्रतिशत है और शुद्ध संपत्ति रु. नोटिस बचन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री सुनील सुभाष कोइक यानी केले और सदर पत्रिका सार्वा उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से विषयों का अनुमोदन किया गया।

बैठक के मुख्य अतिथि उद्योगपति श्री गिरीश चितले, चितले उद्योग समूह के अध्यक्ष श्री राम विलास मुंदड़ा, बैंक के पूर्व अध्यक्ष, बैंक के वरिष्ठ मार्गदर्शक श्री पुनमचंद दरगड़ थे। इससे पहले मुख्य अतिथि उद्योगपति श्री गिरीशजी चितले एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का अभिनंदन एवं बैंक के सदस्यों का अभिनंदन किया गया।

जिन उधारकर्ताओं के बच्चों ने विशेष शैक्षणिक योग्यता हासिल की है, बैंक से प्रोत्साहन पर उत्कृष्ट उधारकर्ता के रूप में नियमित ऋण भुगतान किया है, उन्हें भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर बैंक के चेयरमैन श्री श्रीकांत मंत्री, अध्यक्ष श्री इंदरचंद लोया, निदेशक श्री पुनमचंद दरगड़, श्री रामकिशोर बांगड़, निदेशक श्रीमती शशिकला बोरा, श्रीमती निर्मला बाल्दी, श्री पन्नालाल बिड़ला, श्री गिरिराज मोहता, श्री रामराज भांगड़िया, सीए श्री सत्यनारायण रांदड़, श्री नितिन धूत, श्री मनोज सारडा एवं श्री गोपाल सावंत, श्री राजू खटावकर, श्री गोविंद कांबले, सीए श्री सुरेश कुमार लोहिया, श्री मुकेश खाबानी, श्री सुनील सारडा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री सुनील कोइक, महाप्रबंधक श्री हीराचंद जांगले और बड़ी संख्या में सदस्य और कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक का संचालन श्री सुनील मूंदड़ा ने किया बैठक के अंत में संचालिका श्रीमती शशिकला बोरा ने धन्यवाद दिया।











### विश्वस्तरीय कम्पोजिट यूनिट के रूप में स्थापित

# रतनमोती टेक्सफैब

## गुणवत्तापूर्ण फैब्रिक उत्पादन में देश विदेश में साख

इचलकरंजी/ गुणवत्तापूर्ण फैब्रिक के दम पर देश तथा विदेश में अपनी साख बनाए हुए रतनमोती टेक्सफैब ग्रे फैब्रिक से लेकर फिनिश फैब्रिक का इन हाउस उत्पादन करने वाली कंपनी निरंतर नए-नए इनोवेशन कर रही है। जिसमें Carbon Fabric, Hybrid Fabric, Canvas Fabric, Filter Fabric, Glass Fabric, Aramid fabric का उत्पाद कर सप्लाई कर रही है।

कंपनी के डायरेक्टर श्री पाटनी का कहना है कि आज हम एक कम्पोजिट युनिट के रूप में स्थापित हैं, जहां हम सभी फैब्रिक का इनहाउस उत्पादन कर फिनिश फैब्रिक सप्लाई करने में सक्षम हो गये है। इससे हमारी क्वालिटी, गुणवत्ता तथा समय पर डिलिवरी की और भी बढ़ जाएगी। कंपनी आज सभी नामीगिरामी कंपनियों को फैब्रिक सप्लाई कर रही है।

### अत्याधुनिक मशीनों से सुसज्जित प्लांट

श्री पाटनी ने बताया कि आज कंपनी के पास सभी अत्याधुनिक मशीनें स्थापित हैं, जिसमें वर्ल्ड क्लास साइजिंग मशीनें हैं और निरंतर इनोवेशन करते हुए 340 सेंटीमीटर की 24 एयरजेट मशीनें भी स्थापित की हैं, जिससे हमारी उत्पादन क्षमता निरन्तर बढ़ती जा रही है।

### विस्तृत उत्पाद शृंखला

कंपनी आज अपने व्यापारियों के प्रोग्राम बेस फैब्रिक बनाने में अग्रणी है। कम्पनी फाइबर काउंट, गेस यार्न, गीजा कॉटन की उम्दा क्वालिटियों को बड़े पैमाने पर उत्पादन कर रही है। इसके अलावा मोडाल, टेनसिल, लिनन, डेनिम शर्टिंग की काफी क्वालिटियों की डिमांड के साथ डोमेस्टिक से लेकर एक्सपोर्ट मार्केट में छाई हुई है जिसमें ग्रे से लेकर फिनिश फैब्रिक को यूरोप, चाइना, कोरिया, अमेरिका, जापान आदि देशों में बड़े पैमाने पर एक्सपोर्ट कर रही है। इन सभी का अत्याधुनिक रेपियर एवं एयरजेट मशीनों पर उत्पादन हो रहा है। इसकी बदौलत कंपनी को गवर्नमेंट ऑफ इंडिया द्वारा स्टार एक्सपोर्ट हाउस से पुरुस्कृत भी किया गया है। उन्होंने कहा कि हम निरन्तर नित नये इनोवेशन में अग्रणी हैं। हम अलग-अलग काउंट में फैब्रिक का निर्माण कर रहे हैं, जिसमें 39'' से 130'' काउंट एवं 80'' से लेकर 100 तक काउंट का निर्माण होता है। इससे लिनन कॉटन, लिनन विस्कोस, मोडाल, पोली लिनन, गीजा कॉटन का बड़े पैमाने पर उत्पादन होता है। हम लिनन फैब्रिक पर विशेष फोकस करते हुए आगे बढ़ रहे हैं, साथ ही शर्टिंग फैब्रिक में बॉटम वीयर (सूटिंग प्रोडक्ट) पर भी ध्यान केंद्रित किए हुए हैं। कंपनी के पास इनहाउस टेस्टिंग व सेंपलिंग की सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे व्यापारियों को नई-नई सेंपलिंग कर मार्केट में सप्लाई कर रही है।

### टीम वर्क का अहम् योगदान

श्री पाटनी ने टीम वर्क पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी कम्पनी को ऊँचाईयों पर ले जाने में टीम वर्क का होना अति आवश्यक है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए हमारे पास एक सुव्यवस्थित टीम कार्य करती है, जो समय पर डिलिवरी एवं प्रॉडक्शन पर विशेष ध्यान रखती है।

### माइक्रोटेक्स प्रोसेस में भागीदारी

कम्पनी निरन्तर भविष्य की योजनाओं पर कार्य करते हुए स्थानीय मण्डी में हाई टेक्स प्रोसेस गृह की स्थापना में अपनी भागीदारी बनाई है जो आप सबकी सेवाओं में तैयार हो चुकी है। स्थानीय मण्डी में यह प्रोसेस ग्रह गुणवत्तापूर्ण फिनिश देना शुरू कर दिया है।




### फैंसी एवं एक्सपोर्ट क्वालिटी फैब्रिक देने में सिद्धहस्त

# प्रेमलता ग्रुप

इचलकरंजी

स्थानीय वस्त्र मण्डी ग्रे-फैब्रिक के लिए प्रसिद्ध है। यहां के उद्यमियों द्वारा हर वर्ष नवाचार किया जाता है, जिसका उदाहरण हमें देखने को मिलता है। इसी कड़ी में 'प्रेमलता ग्रुप' जो शुरूआत में मलमल एवं लॉन क्लॉथ से व्यापार की शुरूआत की और आज दिनों-दिन नया डेवलपमेंट करते हुए फिनिश फैब्रिक में अपने कदम बढ़ाती जा रही है।

'प्रेमलता ग्रुप' के डायरेक्टर श्री संजय लाहोटी ने बताया कि कंपनी द्वारा आज फिनिश फैब्रिक में अनेक क्वालिटियों का उत्पादन किया जा रहा है, जिसमें शर्टिंग फैब्रिक मुख्य रूप से भारत की तमाम मण्डियों में सप्लाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2012-13 से फिनिश फैब्रिक में कदम रखते हुए आज कॉटन लिनन, एक्सल लिनन, प्योर लिनन, विस्कोस लिनन के अलावा लिनन फैब्रिक में हर प्रकार की क्वालिटी का उत्पादन किया जा रहा है।

श्री लाहोटी ने बताया कि 'प्रेमलता ग्रुप' ने शुरूआत से ही क्वालिटी व उत्पाद देने को अपना मुख्य उद्देश्य बनाया है। वे आज अपने फैब्रिक की क्वालिटी पर विशेष ध्यान देते हुए अच्छे प्रोसेस गृह में अपने उत्पादों को फिनिश करवाते हैं। साथ ही एक सुनियोजित टीम के साथ वर्किंग करते हुए ग्रे, वीविंग, फिनिश की संपूर्ण चैकिंग करके फैब्रिक को डिस्पेच किया जाता है, जिससे भारत की तमाम मण्डियों में साख बनाए हुए है।

### व्यापार में नई पीढ़ी का प्रवेश

श्री संजय लाहोटी ने बताया कि आज क्वालिटी एवं गुणवत्ता के दम पर भारत की तमाम मण्डियों में अपने उत्पादों को पहुंचा रहे हैं। साथ ही नई पीढ़ी उनके सुपुत्र श्री रघुवीर लाहोटी ने कदम रखते हुए अपने पिताश्री के व्यापार को आगे बढ़ा रहे है।

श्री रघुवीर लाहोटी चार्टर्ड अकाउंटेट की डिग्री प्राप्त कर अपने व्यापार में एक्सपोर्ट एवं बड़ी मिलों को कपड़ा सप्लाई करने पर फोकस कर रखा है। उन्होंने बताया कि आज हम लिनन की सभी क्वालिटियों पर फोकस किए हुए है। लिनन के उत्पादन में हमारी विशेषता बनी हुई है। इसी के कारण मुंबई, दिल्ली एवं बड़ी मिलों को सेल्वेज के साथ शर्टिंग फैब्रिक सप्लाई कर रहे हैं। इसके अलावा हमारे द्वारा आज मुंबई की बड़ी मिलों को ग्रे भी सप्लाई किया जा रहा है। आगामी सीजन पर चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि आज लिनन का क्रेज दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। आने वाले समय में लिनन की डिमाण्ड और ज्यादा बढ़ने वाली है। इसलिए हम लिनन की क्वालिटियों पर विशेष फोकस बनाए हुए है।

# प्लेन सूटिंग-शर्टिंग में सिद्धहस्त कंपनी | प्रेस्टीज सिन्थेटिक्स

**इचलकरंजी** / स्थानीय वस्त्र मण्डी में वर्ष 1992 में श्री भीमाराम चौधरी (कुकल) द्वारा प्रेस्टीज सिन्थेटिक्स की स्थापना कर धोती से अपने व्यापार की शुरूआत की गयी और आज निरंतर आगे बढ़ते हुए प्लेन सूटिंग-शर्टिंग का उत्पादन कर अपने व्यवसाय को गति प्रदान कर रहे हैं। श्री भीमाराम चौधरी ने बताया कि फर्म निरंतर अपने व्यापार को आगे बढ़ाते हुए उनके सुपुत्र श्री जितेन्द्र चौधरी द्वारा सम्पूर्ण कामकाज देखा जा रहा है।

श्री चौधरी ने बताया कि आज हमारे द्वारा सूटिंग फैब्रिक में प्लेन यूनिफॉर्म का उत्पादन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। इसके साथ ही शर्टिंग फैब्रिक में गारमेंट सेक्टर के लिए निरंतर डवलपमेंट पेश करते हुए बाहरी मण्डियों से बड़े पैमाने पर उत्पादन कर सप्लाई किया जा रहा है। शर्टिंग फैब्रिक में फर्म द्वारा ट्वील, साटीन, फिलाफिल, शैमरे, डोबीज, टेन्सील, 'स्नष्ठ, आडापट्टा, व्हाइट शर्टिंग में सेल्वेज के माल लगभग 100 क्वालिटियों का उत्पादन किया जा रहा है। फर्म द्वारा प्रोग्राम बेस की वर्किंग भी की जाती है। श्री चौधरी ने बताया हमारे द्वारा शुरूआत से ही क्वालिटी पर विशेष ध्यान देते हुए क्वालिटीयुक्त ग्रे एवं यार्न लेकर कार्य किया जाता है। जिसमें सूटिंग-शर्टिंग की क्वालिटी को गुणवत्तापूर्ण बनती है। इसी की बदौलत आज भारत की तमाम मण्डियों से जैसे तमिलनाडु, कर्नाटक, दिल्ली, आंध्रप्रदेश, तैलंगाना, महाराष्ट्र, वेस्ट बंगाल, उत्तरप्रदेश में बड़े पैमाने पर फैब्रिक सप्लाई की जा रही है।

KUKAL KG GROUP

PRESTIGE SYNTHETICS
MFG. OF. SUITING & SHIRTING
3/71, M.B. Cloth Market, Ichalkaranji- 416115
Dist. Kolhapur (Maharashtra)
Mob.: 7276276867 | 9422413994

Augustino FASHION CONCEPTS
Our Readymade Brand
PROSIGMA 9
JITENDRA TEXTILES
AUTHORISED DEALER OF WESTERN MAHARASTRA, KONKAN & GOA
194, Budhwar Peth, Madhavnagar - 416 406 Dist - Sangli (MS.)
Phone : 0233-2310439, Mob.: 094230-36875, 094205-47777
094206-47777, 073876-57779 Email: jtm7777@gmail.com
For New Trade Enquiry:
Bhavesh Mehta 94206-47777
asm industries • india • pvt. ltd.
CADINI ITALY
DM FABRICS

# पावरलूमधारकों को सहूलियत का लाभ नहीं

**कोल्हापुर / राहुल खाडे**

राज्य सरकार ने पावरलूमधारकों को अतिरिक्त बिजली सहूलियत का प्रत्यक्ष लाभ दिया है, लेकिन सहूलियत की रकम महावितरण कंपनी ने दो माह का थकीत ब्याज और जुर्माने को माफ नही किए जाने के चलते पावरलूमधारकों की स्थिति की जानकारी शासन ने महावितरण को दी। महावितरण ने जमा किए ब्याज और जुर्माने के बिल रद्द कर नए बिल वितरीत करे ऐसी मांग पावरलूम जागृति संगठन के अध्यक्ष श्री विनय महाजन ने दी। शासन ने राज्य के 27 अश्वशक्ती के पावरलूमधारकों को प्रतियूनिट 1 रूपया और 27 अश्वशक्ती के ऊपरवाले पावरलूमधारकों को प्रतियूनिट 75 पैसे सहूलियत जाहीर की और उसको 15 मार्च, 2024 से लागू किया। वह बिल भी ऑनलाइन भेजे गए। वर्ष 2020 में 27 अश्वशक्ती के पावरलूमधारकों ने ऑनलाइन पंजीकरण नहीं किए जाने के चलते बिजली सहूलियत बंद की गई, लेकिन राज्यभर में आंदोलन होने के चलते दो माह के बाद अनुदान शुरू किया लेकिन उस दो माह का बिजली बिल कम नहीं हुआ। जो दिसंबर 2020 और जनवरी 2021 इन दो माह की थकबाकी बिल में दिखाई दे रही थी। मुख्यमंत्री श्री शिंदे ने थकबाकी हटाने के लिए कहा था, लेकिन उस पर लगाया गया ब्याज और जुर्माना माफ नहीं होने से आने वाले बिलो में पोकल थकबाकी का ब्याज और जुर्माना थकबाकी के तौर पर आता रहा। 27 एचपी के ऊपरवाले पावरलूमधारकों को प्रत्यक्ष अतिरिक्त सहूलियत का लाभ नही मिला। ऐसे में यह प्रकार महावितरण बंद करे नहीं तो महावितरण के विरोध में आंदोलन किया जाएगा ऐसा श्री विनय महाजन ने कहा।

# कोरियर, बस एवं ट्रांसपोर्ट सेवाओं के लिए प्रतिबद्ध संजय ट्रावेल्स

**इचलकरंजी/** स्थानीय वस्त्र मार्केट में ग्रे फैब्रिक एवं फिनिश फैब्रिक का कार्य बड़े पैमाने पर होता है और इस हेतु यहां कोरियर, बस एवं ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था बहुत अच्छी है। इसी कड़ी में यहां स्थित श्री त्रिपाठी कोरियर काफी पुराना नाम है। इसकी स्थापना स्व. श्री महेश त्रिपाठी द्वारा की गई थी। सरल स्वभाव की धनी श्री त्रिपाठी इचलकरंजी वस्त्र मंडी में इस व्यवसाय में आए और अहम् पहचान स्थापित की। अब त्रिपाठी कोरियर का संचालन उनके सुपुत्र श्री पंकज त्रिपाठी द्वारा देखा जा रहा है।

SANJAY TRAVELS
Way to go!

श्री पंकज त्रिपाठी ने अपने पिताश्री से मिले इस व्यवसाय को निरंतर आगे बढ़ाते हुए बस सेवा की शुरुआत की, जो संजय ट्रेवल्स के नाम से संपूर्ण मंडी में विख्यात है। अपने पिताजी से मिले उद्देश्यों पर कार्य करते हुए सरल एवं मधुर स्वभाव लिए श्री त्रिपाठी आज गुर्जर गौड़ समाज में महाराष्ट्र युवा प्रांतीय अध्यक्ष व स्थानीय कापड़ मार्केट के अध्यक्ष पद पर भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वे स्थानीय मंडी में बस एवं कोरियर द्वारा संपूर्ण भारत में परिवहन के लिए अपनी विशिष्ट पहचान बनाए हुए हैं।

With Best Compliments From...
ARVIND COTSYN (INDIA) LTD.
MANUFACTURERS & EXPORTERS OF BLENDED POLYESTER VISCOSE & POLYESTER COTTON YARN
ARVIND DYEING & BLEACHING MILLS PVT. LTD.
MANUFACTURER OF DHOTIES, SAREES, SUITING, SHIRTING DRESS MATERIAL, COTTON YARN.
ARVIND
ARVIND UNIVERSAL TEXTILES PVT. LTD
MANUFACTURER OF GREY & DYED
100% COTTON SHIRTING & BOTTOM WEAR
ARVIND SPINTEX PVT. LTD.
SHRI DAGDULAL MARDA FOUNDATION

Bhikulal D. Marda
Laxmikant D. Marda
Shyamsundar D. Marda
Rajgopal D. Marda
CORPORATE OFFICE
ARVIND SQUARE
PLOT NO 3 & 10, STATION ROAD, OPP IDGAH MAIDAN, ICHALKARANJI-416115. DIST-KOLHAPUR.
CONTACT NO – (0230) 2435481, 2436525 FAX – (0230) 2435296acilich@bsnl.inWWW.ARVINDTEX.IN

## हर प्रकार की फैब्रिक को विश्वसनीय स्तर पर पहुंचाने को तैयार

# अरविन्द ग्रुप

इचलकरंजी/ वर्ष 1944 में स्व. श्री. दगडुलालजी मर्दा द्वारा स्थापित 'अरविंद ग्रुप' आज कॉटन एवं सिंथेटिक यार्न स्पिनिंग से लेकर गारमेंट के क्षेत्र में एक अग्रणी नाम है। 'अरविंद ग्रुप' अपना शत प्रतिशत कॉटन, पीवी, पीसी यार्न, ग्रे फैब्रिक्स, डाईड फिनिश्ड फैब्रिक्स, युनिफॉर्म फैब्रिक्स, निटेड फैब्रिक्स व गारमेन्ट की सप्लाई पूरे भारत वर्ष एवं विदेशों में भी करता है।

'अरविंद ग्रुप' की कंपनियों में अरविंद कॉटसिन (इण्डिया) लि., अरविंद डाईंग एण्ड ब्लीचिंग मिल्स प्रा. लि. एवं अरविंद युनिवर्सल टेक्सटाईल प्रा. लि. शामिल हैं।

### 1. अरविंद कॉटसिन (इण्डिया) लि.

**स्पिनिंग** – कम्पनी की 1995 में स्थापित, 25000 स्पिन्डल की स्पिनिंग मिल द्वारा घरेलू बाजार एवं इन हाऊस कन्जम्पशन के लिये कॉटन, पीवी, पीसी यार्न बनाया जाता है और इस यार्न से बनाया कपड़ा विदेशी बाजार को निर्यात किया जाता है। कम्पनी का स्पिनिंग प्लान्ट अत्याधुनिक मशीनों से लेस है और 20 से 60 काऊंट तक का उच्चतम क्वालिटी यार्न बनाया जा रहा है। यार्न क्वालिटी जांच के लिये लेबोरेटरी बनाई हुई है।

**वीविंग विभाग**– इसके तहत वुवन फैब्रिक का निर्माण और घरेलू व निर्यात बाजार के लिये मार्केटिंग की जाती है। कंपनी ने हाल ही में अत्याधुनिक तकनीक के 100 एयरजेट लूम एवं आटोमेटिक सायजिंग वार्पिंग का प्लान्ट शुरु किया है।

**प्रोसेसिंग विभाग**– यहां पर विभिन्न प्रकार के वुवन, निटेड फैब्रिक की फिनिशिंग एवं प्रोसेसिंग की जाती है। इचलकरंजी में प्रचुर क्षमता का यह प्रोसेसिंग हाऊस अत्याधुनिक लेबोरेटरी से युक्त है।

### 2. अरविंद डाईंग एण्ड ब्लीचिंग मिल्स प्रा. लि.

**स्पिनिंग** – इस कम्पनी की स्पिनिंग मिल द्वारा 100 प्रतिशत कॉटन यार्न घरेलू बाजार एवं इनहाऊस कन्जम्पशन के लिये बनाया जाता है और इस यार्न से बनाया कपड़ा विदेशी बाजार को निर्यात किया जाता है। इस कम्पनी का 2012 में स्थापित 20160 स्पिन्डल का स्पिनिंग प्लान्ट भी अत्याधुनिक मशीनें एवं लेबोरेटरी से लेस है और इसकी क्षमता में 46000 स्पिन्डल की और बढ़ोतरी की गयी है। साथ ही 12000 स्पिन्डल और लगाए जा रहे है। यहां सभी काउंट का उच्चतम श्रेष्ठ क्वालिटी यार्न बनाया जा रहा है। इस स्पिनिंग प्लान्ट की छत पर 1.85 मेगावॉट क्षमता रुफटॉप सौरऊर्जा परियोजना भी स्थापित है, जिससे निर्मित बिजली को इसी इकाई में इस्तेमाल किया जा रहा है।

**वीविंग विभाग**– इसके तहत वुवन फैब्रिक का निर्माण और घरेलू व निर्यात बाजार के लिये मार्केटिंग की जाती है।

**प्रोसेसिंग विभाग**– यहां पर विभिन्न प्रकार के वुवन, निटेड फैब्रिक की फिनिशिंग एवं प्रोसेसिंग की जाती है। प्रचुर क्षमता के इस प्रोसेसिंग हाऊस में अत्याधुनिक लेबोरेटरी भी है।

**मार्केटिंग विभाग**– अरविंद ग्रुप द्वारा बड़े स्तर पर कॉर्पोरेट खरीददारों, विभिन्न सरकारी एवम् सेमी सरकारी विभाग, नेवी, आर्मी, स्टेट ट्रान्सपोर्ट सर्विसेज, पोलिस डिपार्टमेंट के साथ ही विभिन्न इन्स्टीट्युशन्स जैसे स्कूल, सिक्योरिटी एजेन्सीज, फेक्ट्रीज आदि को सभी प्रकार के फॅब्रिक्स की सप्लाई की जाती है। अरविंद ग्रुप के पास देशभर में रिटेल सप्लाई के लिये बेहतरीन और विश्वसनीय मार्केटिंग नेटवर्क है। आगामी योजना के अन्तर्गत कम्पनी द्वारा एयरजेट एवं साइझिंग यूनिट का कार्य शीघ्र चालु होने वाला है।

### 3. अरविंद युनिवर्सल टेक्सटाइल प्रा. लि.

इस कंपनी के अंतर्गत वुवन फैब्रिक का निर्माण कर घरेलू और निर्यात बाजार के लिये मार्केटिंग की जाती है। वीविंग के लिये कम्पनी के पास सन 2005 से ऑटोमेटिक सायजिंग वार्पिंग मशिन के साथ ही टोयोटा के 100 आधुनिक एयरजेट लूम हैं, जिस पर प्रतिमाह 1.5 मिलियन मीटर्स कपड़ा बनाया जाता है।

'अरविंद ग्रुप' की स्पिनिंग प्लान्ट में यथा संभव उनके खुद की कंपनियों द्वारा स्थापित पवन ऊर्जा संयंत्रों से निर्मित बिजली का इस्तेमाल किया जा रहा है। अरविंद ग्रुप द्वारा महाराष्ट्र के विभिन्न स्थानों पर 15 मेगावॉट क्षमता के विंड पॉवर प्लान्ट स्थापित हैं। नये भारत में वस्त्र उद्योग में अपार संभावनाओं के देखते हुए 'अरविंद ग्रुप' द्वारा जल्द ही 50000 स्पिंडल का मॉडर्न टेक्नोलॉजी से युक्त स्पिनिंग युनिट एवं आधुनिक तकनीक के 200 एयरजेट लूम व साइझिंग वार्पिंग युनिट लगाकर विस्तार किया जा रहा है।

**कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (CSR)**– देश का तेजी से बढ़ता और प्रतिष्ठित ग्रुप होने के नाते 'अरविंद ग्रुप' अपने सामाजिक दायित्व को बखूबी समझता है। अपना सोशल मिशन पूरा करने के लिये 1983 में 'श्री दगडुलाल मर्दा चेरीटेबल अँड रिसर्च फाऊंडेशन' की स्थापना की। विगत तीन दशकों से भी अधिक समय से 'अरविंद ग्रुप' द्वारा मेडिकल, एज्युकेशनल एवं कम्युनिटी हेल्प सहित अनेक सामाजिक जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया जा रहा है। इसके साथ ही ग्रुप द्वारा ''श्री दगडुलाल मर्दा सीएसआर फाऊंडेशन'' की स्थापना करके सामाजिक दायित्वों का निर्वहन भी किया जा रहा है।


RK Ramkrishna
RAMKRISHNA AYUSHVEDA
PRIVATE LIMITED
Regd off.: 9/50/87 Ind. Estate, Ichalkaranji, Dist : Kolhapur, Maharshtra (India).
Factory Address : Khasra No. 832, 833, 834, Deshnoke Road, Napasar.
Dist : Bikaner, Rajasthan-334201. Web site : www.rkayushveda.com
OUR PRODUCTS
Natural MORINGA LEAF POWDER
ANJEER
Dried ANJEER
PREMIUM QUALITY
Factory


MAYURANG Industries
Manufacturer of Premium Range of
FANCY KURTA FABRICS
With speciality in executing
Garment Manufacturers
& Export Orders
9422044597 | 7588255708
Mayurang Industries
Ward No.5 , House No.606/1,Opposite Lions Blood Bank,
Near Hotel Sanskruti, Datye Mala, A/p. Ichalkaranji- 416115
Dist- Kolhapur (M.S.) Email: mayurangsyn1@rediffmail.com


II Jay Shri Krishna II
Deals in
All Kinds of Grey,
Garment, Finished Fabrics
& Export Quality
SINCE-1981
SHYAM SUNDER
VIKAS KABRA
+91 9326005727,
+91 9370122026
SHRI SHYAM AGENCY
Mumbai Office: 345, Badamwadi, Room No. 49, 1st Floor, Kalbadevi, Mumbai 02
Shop No.11 Ground Floor, Vedant Height, Near Vande Mataram Ground,
Bjp Market Road, Ichalkaranji 416115


KAMALA
MANUFACTURERS OF PREMIUM RANGE OF
SHIRTING AND ETHNIC GREIGE AND FINISHED FABRICS
WE DEAL IN
FULL JAQUARD
LENO
DOBBY
COTTON AND POLY SLUBS
LINEN BLENDS
In Pursuit of Chasing Excellence
KAMALA GROUP
Weaving Threads of Prosperity
KAMALANANT FABTEX LLP | KAMALA CORPORATION
KAMALA TEXERE | KAMALA CREATIONS | KAMALA YARNS
13/1216/1, 'Kamala House', Old Chandur Road, Ichalkaranji 416 115. Dist. Kolhapur (M.S.)
9822452566, 9822732565, 9766487761 info@kamalacorp.com www.kamalacorp.com


HAPPY Diwali
HAPPY Diwali
A
4001™
Ashoka Group
Quality Never Goes
Out of Trend...
Specialized In
Fancy Shirtings & Suitings
Manufacturer of
Grey & Finish Fabrics
C/O PARASKUMAR KANTILAL JAIN
PRATIK PARASKUMAR JAIN | RAVI JAMBUKUMAR JAIN
425/2, Near Laxmi Venkatesh Nagar, Old Chandur Road
ICHALKARANJI- 416115 (Mah.) Phone No.: +91 9823474745 +91 9011474745